BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345




दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, मंगलवार, 12 नवंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

## श्री पहाड़ी श्याम मन्दिर महेन्द्रा हिल्स में

# श्री श्याम जन्मोत्सव आज



**हैदराबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्याम दिवाने चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री पहाडी श्याम मन्दिर, महेन्द्रा हिल्स, सिकन्दराबाद में कार्तिक सुदी ग्यारस के उपलक्ष्य में मंगलवार 12 नवम्बर को श्री श्याम जन्मोत्सवफ का आयोजन भव्य रूप से किया जायेगा । उक्त जानकारी यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में चेयरमैन अरुण डाकोतिया द्वारा दी गई ।

विज्ञप्ति अनुसार अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया व संवारा जायेगा । अलौकिक दरबार, भव्य सजावत, आतिशबाजी, दिव्य श्रृंगार, बाबा का खजाना, दीपोत्सव, बाबा का खजाना, प्रसाद के रूप में भक्तों में तुलसी के कुंडो का वितरण एवं भजन संध्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहेंगे । श्री श्याम जन्मोत्सव के अन्तर्गत मंगलवार 12 नवम्बर को भक्तों के दर्शनार्थ मन्दिर प्रातः 7 बजे से रात्रि 1 बजे तक खुला रहेगा । कार्यक्रम का सीधा प्रसारण क्लिक मैज़िम फेस बुक लाइव पेज कर किया जायेगा ।

श्री श्याम जन्मोत्सव के अन्तर्गत सायंकाल बेला में आतिशबाजी, सायं 6:01 से दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा । भक्तों में प्रसाद स्वरुप तुलसी के कुण्डे तथा बाबा का खजाना वितरित किया जायेगा । सायं 7:01 बजे से मंदिर परिसर में ङ्गश्री श्याम भजन संध्याफ का आयोजन किया जायेगा। श्री श्याम भजन संध्या कार्यक्रम श्याम दिवाने, मलकपेट द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा । भजन संध्या के अन्तर्गत सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष घीवाला, जयपुर, सुश्री स्मिता गनुवाला, नागपुर एवं श्री आशु भारती, बूंदी राजस्थान द्वारा श्री श्याम बाबा के सुमधुर भजन प्रस्तुत कर वातावरण को श्याममय किया जायेगा ।सांवरे के बावरे के तत्वावधान श्री वीर हनुमान मन्दिर से श्री श्याम निशान शोभा यात्रा, आरटीए आफिस के सामने, डीएडी क्वार्टर्स, तिरुमलगिरी होते हुए श्री पहाडी श्याम मन्दिर पहुँचेगी ।

मंदिर पहुँचने पर श्री श्याम निशान शोभा यात्रा का भव्य स्वागत मंदिर के चेयरमैन अरुण डाकोतिया एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया जायेगा । रात्रि बेला में भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रहेगी । भोजन प्रसादी सहयोगी नारायणलाल, श्यामलाल, सुरेशचन्द, नन्दकिशोर उपाध्याय परिवार, पॉट मार्केट, सिकन्दराबाद रहेंगे । सवामनी के सहयोगी झाबरमल बाबुलाल डाकोतिया परिवार एवं हर्ष अग्रवाल परिवार, कुकटपल्ली रहेंगे ।चेयरमैन अरुण डाकोतिया के अनुसार मंदिर में श्री श्याम जन्मोत्सव के आयोजन में सभी व्यवस्थाओं के संयोजन में श्याम दिवाने चैरिटेबल ट्रस्ट के अशोक सिंघानिया, प्रवीण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रुपेश सिंघानिया, अक्षय डाकोतिया, ब्रिजेश मोदी, रवि सबलका, राहुल अग्रवाल सहित सहयोगी संस्थाएँ - ङ्गश्री राज मित्र मण्डलफ के सुरेश कुमार जीतपुरिया, प्रवीणकुमार झाकनीवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, प्रदीप कुमार नरसरिया, सुनील कुमार अग्रवाल, मीनाक्षि मिश्रा तथा ङ्गसांवरे के बावरेफ के अमन सारडा, कपीश, नितेश, गोपाल, तनिष्क का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है ।चेयरमैन अरुण डाकोतिया ने सभी श्याम प्रेमियों से अवसर पर मंदिर पधारकर बाबा के दर्शन, दीपोत्सव, आतिशबाजी, भजन संध्या में भजन श्रवण कर प्रसाद लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है ।

## तेलंगाना के पोचम्मा मंदिर में कट्टरपंथियों ने की तोड़फोड़

**रंगारेड्डी, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के जोकुल गांव (शमशाबाद मंडल) स्थित पोचम्मा मंदिर में कुछ चरमपंथियों ने तोड़फोड़ की। चरमपंथियों ने हिंदू देवी-देवताओं की तीन मूर्तियों को अपवित्र किया। स्थानीय लोगों ने एक अज्ञात आरोपी को पकड़ लिया, जबकि 9 अन्य भागने में सफल रहे।

ग्रामीणों ने उस व्यक्ति की पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद हिंदू संगठन मौके पर पहुंचे और चरमपंथियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस की एक बड़ी टीम वहां तैनात की गई है। पिछले एक सप्ताह में शमशाबाद मंडल के मंदिरों में तोड़फोड़ का यह तीसरा मामला है।



झारखंड की हथिया विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नवीन जायवाल के समर्थन में प्रचार में भाग लेते हुए हैदराबाद के जामबाग डिविजन पार्षद राकेश जायसवाल।



कार्तिक एकादशी, 12 नवम्बर को श्री पहाड़ी श्याम मन्दिर में आयोजित मश्री श्याम जन्मोत्सवफके लिए अतिरिक्ति पुलिस कमीश्नर लॉ एण्ड आर्डर विक्रम सिंह मान एवं मोण्डा मार्केट पार्षद कोंथम दीपिका को आमंत्रित करते हुए मंदिर के चेयरमैन अरुण डाकोतिया ।

### श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में

## गुरुद्वारा साहिब सिकंदराबाद से रंगारंग नगर कीर्तन आयोजित

**हैदराबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सिखों ने प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा साहिब सिकंदराबाद से रंगारंग नगर कीर्तन (पवित्र जुलूस) निकाला।सिखों की एक मार्शल आर्ट, गतका कौशल का एक शानदार और अद्भुत प्रदर्शन, शबद कीर्तन का प्रतिपादन, गुरु ग्रंथ साहिब जी और निशान साहेबानों को ले जाना, पहले सिख गुरु और सिख धर्म के संस्थापक के 555वें जन्मदिन समारोह के उपलक्ष्य में सोमवार को गुरुद्वारा साहिब सिकंदराबाद से निकाले गए नगर कीर्तन (पवित्र जुलूस) का हिस्सा थे। गुरु नानक देवजी का 555वां प्रकाश उत्सव (जन्म दिवस) 15 नवंबर 2024 को है। चल रहे समारोह के हिस्से के रूप में, गुरुद्वारा साहब सिकंदराबाद से पवित्र जुलूस निकाला गया और मनोहर टॉकीज, क्लॉक टॉवर, बाटा, पटनी सर्कल, किंग्सवे, मोंडा मार्केट, अल्फा होटल से होते हुए शाम को गुरुद्वारा साहब सिकंदराबाद पहुंचा।



जीएसएस प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष बलदेव सिंह बग्गा और महासचिव जगमोहन सिंह व हरप्रीत सिंह गुलाटी ने बताया कि नगर कीर्तन में सिखों के पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को एक सुसज्जित वाहन पर रखकर लाया गया। जिसके बाद निशान साहेबान (धार्मिक ध्वजवाहक) और पंजाब व हैदराबाद से आए। युवाओं ने गतका कौशल का प्रदर्शन किया। कीर्तनी जत्थों ने शबद कीर्तन प्रस्तुत किए। कलगीधर दशमेश जत्था व पंजाब से आए अन्य गतका जत्थों से आए सिख युवकों ने अपने कुंद हथियारों, कृपाण, तलवारों व अन्य कौशलों के साथ असाधारण व्यायाम कर अपने गतका कौशल (सिख मार्शल आर्ट फॉर्म) का अद्भुत प्रदर्शन किया। जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं व राहगीरों को कड़ा प्रसाद, चाय व नाश्ता उपलब्ध कराया गया। गुरु नानक देव जी के जीवन व शिक्षाओं को सुसज्जित वाहन पर प्रदर्शित किया गया। एलईडी स्क्रीन के साथ।

15 नवंबर, 2024 को हैदराबाद के नामपल्ली स्थित प्रदर्शनी मैदान में मप्रकाश उत्सवफ पर विशाल दीवान (सामूहिक समागम) चूंकि गुरु नानक देवजी का मुख्य 555वां जन्मदिवस समारोह 15 नवंबर, 2024 को पड़ रहा है, इसलिए 15 नवंबर, 2024 को सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक प्रदर्शनी मैदान, नामपल्ली रोड पर मविशाल दीवानफ (सामूहिक समागम) आयोजित किया जाएगा, जिसमें 25,000 से 30,000 से अधिक सिख श्रद्धालु और अन्य समुदाय के लोग शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से विशेष रूप से आमंत्रित किए गए प्रतिष्ठित रागी जत्थों द्वारा गुरबानी कीर्तन (पवित्र भजन) का गायन किया जाएगा। भाई लखविंदर सिंह सिंहजी (श्री दरबार साहिब, स्वर्ण मंदिर अमृतसर), पटियाला के भाई अमरजीत सिंह, हजूरी रागी जत्थे, भाई हरि सिंहजी, भाई चरणजीत सिंहजी, भाई जगदेव सिंहजी, भाई हरविंदर सिंह और अन्य प्रतिष्ठित रागी जत्थे शबद कीर्तन और कथा का पाठ करेंगे और गुरु नानक की शिक्षाओं पर प्रकाश डालेंगे जो शांति, समानता और मानवता के लिए खड़े थे। समागम के समापन के बाद भक्तों को गुरु का लंगर (मुफ्त सामुदायिक रसोई) परोसा जाएगा।रात्रि कीर्तन दरबार 14 नवंबर 2024 को। 14 नवंबर (गुरुवार) को शाम 7.30 बजे से 10.30 बजे तक गुरुद्वारा साहेब सिकंदराबाद में रात्रि कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपरोक्त प्रसिद्ध रागी जत्थे गुरुबानी कीर्तन करेंगे।

एस. बलदेव सिंह बग्गा, अध्यक्ष (जीएसएस), एस. जगमोहन सिंह सचिव (जीएसएस), एस. हरप्रीत सिंह गुलाटी (सचिव, जीएसएस)

## अग्रवाल समाज गच्चीबावली एवं महिला विंग शाखा का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न





**हैदराबाद, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज गचचीबौली व महिला विंग शाखा के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली मिलन का आयोजन होटल शुभम सेलिब्रेशन, नालागंदला में सम्पन्न हुआ । शाखा अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी दी गई। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना की गई और अध्यक्ष ने सभी अग्रबंधुओं को दीपावली की शुभकामनाएं दी। महिला विंग की अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंजना टिंबरेवाल, सह मंत्री शालू गुप्ता द्वारा सभी अग्रजनों का तिलक लगाकर व केवड़ा छिड़ककर स्वागत किया गया । इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें अवयन अग्रवाल, नाविका अग्रवाल, अनवी अग्रवाल, मानवी अग्रवाल ,जियांश, नेहा अग्रवाल,आनंदी अग्रवाल, कमलेश- सुरेश अग्रवाल रिशु- युगांश अमित - शिवानी व शालू गुप्ता ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । सभी अग्रबंधुओ द्वारा कार्यक्रम की सराहना और भूरी भूरी प्रशंसा की गई । कार्यक्रम का सचांलन अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल द्वारा किया गया। केंद्रीय कार्यालय से आए सहमत्रीं कंचन अग्रवाल जी की महिला विंग की अध्यक्ष द्वारा सम्मनित किया गया । उनहोंने केंद्र की विभिन्न योजनाओं से सभी को अवगत कराया। विशेष रूप से धनपात्र की उपयोगिता के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। सभी नए सदस्यों को धनपात्र का वितरण किया गया। उनके द्वारा सभी सांसकृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वालो को पुरसकृत भी किया गया।इस मौके पर वीरेश और मीतू अग्रवाल द्वारा विशेष रूप से दीपावली तंबोला खिलाया गया जिसका सभी ने भरपूर आनद लिया । अंत में गौरव गुप्ता,सह मंत्री द्वारा धन्यवाद व आभार प्रकट किया गया।



वाराही माता मन्दिर सोजत सिटी राजस्थान में हैदराबाद के कथा व्यास मनोज त्रिवेदी श्रीमाली ने भाग लिया। इस अवसर पर आरती अवस्थी अमरलाल जी मुन्नालाल ओमप्रकाश की तरफ से दीपदान महोत्सव आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रदालुओं ने भाग लिया।

## बधर माता धाम में वार्षिक महोत्सव सम्पन्न

**हैदराबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सोमानी,बागड़ी, छापरवाल मर्दा, गदिया, हिंगड सहित अन्य 14 माहेश्वरी खापों की कुलदेवी बधर माताजी का वार्षिक कार्यक्रम कानडखेड़ा स्थित निर्माणाधीन भक्ति निवास परिसर में सेकडों भक्तों की उपस्थिति संपन्न हुआ। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में ट्रस्ट के सचिव गोविंद सोमानी ने बताया कि कार्यक्रम में सहभागी होने के लिए समिति के अध्यक्ष राजेश सोमानी, मंत्री गोविंद सोमानी, कोषाध्यक्ष शाम सोमानी सहित कई भक्त पधारे। .ट्रस्ट के अध्यक्ष शाम सुंदर सोमानी के नेतृत्व में आयोजित उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य गो हितेषजी के आचार्यत्व में तथा पीयूष सोमानी लखनऊ, शाम सुंदर सोमानी में मुख्य यजमान में शत चण्डी पाठ और नौ कुण्डी यज्ञ से प्रारंभ हुआ। दूसरे दिन सवेरे गोपाष्टमी के अपलक्ष्य में भक्तों द्वारा गो पूजन किया है। रात्रि में श्रीनाथ सत्संग मण्डल चितौड़ के राजेश सोमानी-किशनगढ़ निवासी अंकित सोमानी द्वारा कुलदेवी के भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर अर्ध रात्रि तक झूमने पर मजबूर किया। तीसरे दिन यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। दस अवसर पर



बधर माता सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक सेवा ट्रस्ट की वार्षिक साधारण सभा अध्यक्ष श्याम ामसुंदर सोमानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन प्रचार मंत्री पूरण मर्दा ने किया। सचिव मनमोहन बागड़ी ने ट्रस्ट का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जिसे सभी ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। आज तक हुए प्रगति की जानकारी दी गई। अध्यक्ष शाम सुंदर सोमानी ने अपने संबोधन में इस वास्तुनिर्माण में सहयोग करने वाले दानदाताओं, प्रशासकीय अधिकारियों, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष गोविन्द गदिया चितौड़, देवेंद्र सोमानी कपासन, भगवती लालजी हिंगड़ अकोला, रमेशजी मालीवाल अकोला के सहयोग की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित भूपाल सागर के ऊप ज़िल्हाधिकारी श्री गेल्डा सभा को संबोधन में बताया कि यह भक्त निवास के पूर्ण निर्माण होने के पश्चात इस क्षेत्र में भक्तों का आवागमन बढ़ेगा और पर्यटन का विकास होगा।



गच्चीबोली में भात के गीतों का आयोजन रश्मि गोतम, कंचन के यहां किया गया। दिव्या का स्वागत किया गया। उपस्थित महिलाएं कंचन लक्ष्मी वनिता दक्षिणांचल, अध्यक्षा सपना गुप्ता, रिंकल संध्या, कामिनी, जनक, कमलेश व अन्य उपस्थित थीं।



जगदीश मार्केट स्थित लक्ष्मी माता मन्दिर में अन्नकूट प्रसादी महोत्सव सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधान पुजारी गुरु प्रसाद पाण्डेय विंध्याचल ब्राह्मण सेवा संघ अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष रामशिरोमणि तिवारी, अनिल पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय, विनय पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय, विकास पाण्डेय, महन्त चेतन गिरी, गोपाल महराज, राजू महराज, व्यापारी बंधु अशोक चौधरी, पारस डागा, प्रकाश राजपुरोहित, किशोर राजपुरोहित, गोविन्द दर्जी, नरेश पटेल, जवानाराम चौधरी, आनन्द आदि भक्तगण प्रसाद ग्रहण किया।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पंजीकरण के लिए कैम्प आयोजित

**हैदराबाद, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्र बंधुओं की सुविधा के लिए अग्रवाल समाज तेलंगना द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कार्ड बनवाने हेतु समाज कार्यालय में रविवार 10 नवंबर को कैम्प आयोजित किया ।

कैम्प के संयोजक मुकुंदलाल अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उक्त कैम्प में लगभग 140 बंधुओं ने अपना नाम दर्ज करवाया और लगभग 65 लोगों का सफल पंजीकरण हो चुका। विज्ञप्ति के अनुसार आगामी रविवार दि. 17/11/24 को पुनः उक्त कैम्प का आयोजन अग्रवाल समाज कार्यालय राघव रतना टॉवर्स में प्रातः 11.00 से दोपहर 1.00 बजे तक किया जा रहा है।





उक्त कार्यक्रम में अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सह मंत्री श्रीमति कंचन अग्रवाल, राकेश जालान, रुपेश अग्रवाल, संगेश अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, आपेक्ष अग्रवाल, मुकुंदलाल अग्रवाल, कमल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अजय अग्रवाल, श्रीमति शीतल अग्रवाल, लोकेश संघाई, हेमंत, कार्तिक, रोशन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने इस कार्यक्रम की सूत्रधार श्रीमति नित्या पारिख का विशेष आभार जताया और इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद किया।

उन्होंने संयोजक मुकुंदलाल अग्रवाल को भी इस पावन कार्य के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने अग्रवाल समाज के सभी बंधुओं से आग्रह किया कि वह अपने परिवार या अपने समीप अथवा उनकी दृष्टि में उपलब्ध वरिष्ठ लोग जिनकी आयु 70 वर्ष है उन्हें इस योजना के विषय में जानकारी दें और उनका पंजीकरण अवश्य करवाए ।

# हिंदू, मुसलमान तेलंगाना सरकार की दो आंखें : रेवंत

**हैदराबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सोमवार को रवींद्र भारती में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस और अल्पसंख्यक कल्याण दिवस समारोह में बोलते हुए हिंदुओं और मुसलमानों को राज्य सरकार की दो आंखें बताया। उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस को सत्ता में लाने में अल्पसंख्यकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और सभी समुदायों के लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार सृजन के माध्यम से विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। रेड्डी ने भारत के दो प्रमुख राजनीतिक परिवारों के बीच एक तीखा अंतर भी समझाया, जिसमें कहा गया कि देश में दो परिवार हैं: मोदी परिवार, जो विभाजन को बढ़ावा देता है और गांधी परिवार, जो एकता के लिए काम करता है।

मुख्यमंत्री ने मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को श्रद्धांजलि दी और उनकी शिक्षा नीति की प्रशंसा की जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना था। उन्होंने मुसलमानों को




महज वोट बैंक के बजाय परिवार के सदस्य के रूप में मानने में कांग्रेस के विश्वास को दोहराया। राज्य मंत्रिमंडल में अल्पसंख्यक मंत्री की अनुपस्थिति को संबोधित करते हुए रेड्डी ने बताया कि हाल के विधानसभा चुनावों में अल्पसंख्यक समुदाय का कोई विधायक नहीं चुना गया था। हालांकि, कांग्रेस सरकार ने वरिष्ठ नेता शब्बीर अली को सरकारी सलाहकार नियुक्त किया और आमिर अली खान को एमएलसी का पद दिया। इसके अलावा, राज्य निगमों और मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में अल्पसंख्यक प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, जो वाई.एस. राजशेखर रेड्डी के कार्यकाल के बाद से नहीं देखा गया है।रेड्डी ने अल्पसंख्यक समुदायों से महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी और महाविकास अघाड़ी गठबंधन का समर्थन करने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस पार्टी सभी समुदायों के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी। उन्होंने एकता और समावेशी विकास के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए राहुल गांधी को अगला प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मौलाना अबुल कलाम आज़ाद पुरस्कार प्रदान किए। अन्य उपस्थित लोगों में मंत्री पोन्नम प्रभाकर, सरकारी सलाहकार शब्बीर अली, पूर्व सांसद वी हनुमंत राव, सांसद अनिल कुमार यादव, एमएलसी अमीर अली खान, टीजीएम आरईआईएस के अध्यक्ष फहीमुद्दीन कुरैशी, तेलंगाना उर्दू अकादमी के अध्यक्ष ताहिर बिन अहमद और खाद्य निगम के अध्यक्ष फहीम सहित अन्य नेता और गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

# कंडाकुर्थी त्रिवेणी संगम को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा

**निजामाबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने घोषणा की कि केंद्र सरकार के सहयोग से कंडाकुर्ती स्थित त्रिवेणी संगम को पर्यटन स्थल बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गोदावरी नदी और उसकी सहायक नदियों मंजीरा और हरिद्रा का संगम तेलंगाना और महाराष्ट्र की सीमा से लगे निजामाबाद जिले के रेंजाल मंडल के कंडाकुर्ती गांव में होता है। रविवार को बंडारू दत्तात्रेय ने कंडाकुर्ती स्थित त्रिवेणी संगम पर गंगा आरती की। उन्होंने कहा कि कार्तिक मास के दौरान गंगा आरती करना उनके लिए बहुत बड़ा सौभाग्य है।इसके अलावा



राज्यपाल ने कंडाकुर्ती स्थित आरएसएस संस्थापक केशव राव बलिराम हेडगेवार स्फूर्ति केंद्र में चल रही परियोजनाओं का दौरा किया, जहां आयोजकों ने उन्हें केंद्र के विकास के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बोधन विधायक पी. सुदर्शन रेड्डी, स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधि और भाजपा नेता भी मौजूद थे। भाजपा नेताओं ने दिचपल्ली में बंडारू दत्तात्रेय का गर्मजोशी से स्वागत किया। राज्यपाल के दौरे की प्रत्याशा में पुलिस ने कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किये।

# सीताक्का ने की बीआरएस के दुष्प्रचार की कड़ी निंदा

## तेलंगाना के विकास के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया

**हैदराबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना पंचायत राज और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डॉ. दानसारी अनसूया सीताक्का ने सोमवार को सचिवालय से जारी एक वीडियो संदेश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार को कमजोर करने के उद्देश्य से झूठा दुष्प्रचार फैलाने के लिए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की कड़ी आलोचना की।सीताक्का ने बीआरएस पर कानूनी मामलों से बचने के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने का आरोप लगाया, उन्होंने दावा किया कि पार्टी भाजपा के लिए बी टीम के रूप में काम करती है, खासकर महाराष्ट्र में।मंत्री ने कांग्रेस की महिला कल्याण पहलों, खासकर मुफ्त यात्रा की योजना के खिलाफ बीआरएस के अभियान की निंदा की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह आपात स्थिति में महिलाओं के



लिए महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करती है।सीताक्का ने किसानों की ऋण माफी पर बीआरएस के हालिया दावे को खारिज करते हुए कहा कि पिछला प्रशासन 20 लाख किसानों के फसल ऋण माफ करने में विफल रहा, जिससे कई किसान ब्याज भी चुकाने में असमर्थ हो गए। इसके विपरीत, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि मौजूदा सरकार ने 27 दिनों के भीतर 18,000 करोड़ रुपये के फसल ऋण माफ कर दिए। सीताक्का ने कांग्रेस सरकार के तहत उपलब्धियों को भी रेखांकित किया, जिसमें 50 लाख घरों के लिए मुफ्त बिजली, महिला सशक्तीकरण के लिए हजारों करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋण और बढ़ती रसोई लागत को कम करने के लिए 500 रुपये में सिलेंडर प्रदान करने वाली गैस सब्सिडी शामिल है। उन्होंने रोजगार पहल पर भी जोर दिया, जिसमें पदभार संभालने के छह महीने के भीतर 50,000 सरकारी नौकरियां पैदा हुईं, जो बीआरएस के रिकॉर्ड से बिल्कुल अलग है। आवास पर, सीताक्का ने बेघरों के लिए इंदिरम्मा घर बनाने की कांग्रेस की प्रतिबद्धता का हवाला दिया, और कहा कि पिछली कांग्रेस सरकारों ने लोगों को लाखों घर दिए। उन्होंने बीआरएस पर सामाजिक न्याय की उपेक्षा करने का आरोप लगाया और कहा कि दलित मुख्यमंत्री और दलितों के लिए भूमि आवंटन के वादे कभी पूरे नहीं हुए। बुनियादी ढांचे के बारे में, उन्होंने वास्तविक व्यय को समझे बिना पंचायत भवन को वित्तपोषित करने के बीआरएस के दावे की आलोचना की और कहा कि उनकी सरकार ने परियोजना के लिए पहले ही 7 लाख रुपये जारी कर दिए हैं, शेष धनराशि पूरी होने पर आवंटित की जाएगी।

# मिलर्स की हड़ताल के बीच तुम्माला ने किया सीसीआई से किसानों की मदद करने का आग्रह

**हैदराबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के कृषि मंत्री तुम्माला नागेश्वर राव ने कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) के अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया है कि कपास की खेती करने वाले मिलर्स की हड़ताल के बीच तेलंगाना में कपास किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।हड़ताल के जवाब में, मंत्री तुम्माला ने सोमवार को सीसीआई के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) और राज्य के मुख्य सचिव से बात की और उनसे किसानों को संभावित नुकसान से बचाने और ऐसी स्थिति को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करने का आग्रह किया, जहां कपास को कम कीमतों पर बेचा जा सकता है।

उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा के लिए तत्काल कपास खरीद शुरू करने के महत्व पर जोर दिया।राज्य कपास मिलर्स और व्यापारी कल्याण संघ ने नमी की



मात्रा और वजन मानकों पर सीसीआई के नियमों का विरोध करने के लिए सोमवार को कपास की खरीद रोक दी। इससे कपास किसानों के सामने चुनौतियां और बढ़ गई हैं, जो पहले से ही अपनी फसलों के उचित मूल्य प्राप्त करने को लेकर चिंतित हैं।

मंत्री तुम्माला ने इन मुद्दों को हल करने के लिए कपास मिलर्स के साथ चर्चा भी की और जोर दिया कि किसानों की मदद के लिए तत्काल कार्रवाई महत्वपूर्ण है।एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कपास किसान केन्द्र और राज्य सरकारों से सुचारू खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करने और उन्हें आगे की वित्तीय कठिनाई से बचाने के लिए त्वरित कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

# स्लोवाकिया के शोधकर्ताओं ने कवाल टाइगर रिजर्व का दौरा किया

**मंचेरियाल, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** स्लोवाकिया के शोधकर्ताओं के एक दल ने रविवार को खनिजों और चट्टानों की खोज के लिए कवाल टाइगर रिजर्व का दौरा किया। बेंगलुरू की प्रमुख खनिज और चट्टान वैज्ञानिक मंजूषा महाजन के नेतृत्व में टीम ने रिजर्व के विभिन्न दर्शनीय स्थलों और कुछ रिसाव टैंकों का दौरा किया।

उन्होंने अपने शोध के हिस्से के रूप में कुछ पहाड़ियों और पेड़ों की जाँच की। अवसर पर उन्होंने कहा कि वे रिजर्व में कुछ पुरानी वृक्ष प्रजातियों को देखकर आश्चर्यचकित हैं।

## राजस्थानी प्रगति समाज द्वारा

# दीपावली सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**हैदराबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी प्रगति समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ङ्गदीपावली सम्मेलनफ का आयोजन रविवार 11 नवम्बर को आबिड्स स्थित होटल ताजमहल में आयोजित किया गया । उक्ताशय की जानकारी यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कार्यक्रम संयोजक रमेश कुमार बंग ने दी ।विज्ञप्ति अनुसार ङ्गदीपावली सम्मेलनफ का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों पुलिस महानिदेशक (कारागार) सौम्या मिश्रा, सीआईएसएफ के डीआईजी एस.के. मोहनका, आईआरडीए के मुख्य महाप्रबंधक आर.के. शर्मा, होटल ताजमहल आबिड्स के प्रबंध निदेशक बी. चन्द्रशेखर राव एवं एग्जीबिशन सोसाइटी के मानद मंत्री बी. सुरेन्दर रेड्डी के साथ राजस्थानी प्रगति समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल, मानद मंत्री गोविन्द राठी एवं कार्यक्रम संयोजक रमेश कुमार बंग के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ।

सभी अतिथियों को अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल, मानद मंत्री गोविन्द राठी एवं कार्यक्रम संयोजक रमेश कुमार बंग द्वारा राजस्थानी परम्परानुसार शॉल व साफा पहनाकर स्वागत एवं मंचासीन किया गया ।

कार्यक्रम संयोजक रमेश कुमार बंग ने सभी उपस्थित बन्धुओं को दीपावली की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि धन की देवी महालक्ष्मी, ज्ञान के देवी सरस्वती और बुद्धि के दाता विघ्नविनाशक श्री गणेश की आराधना के समय समन्वय, सहयोग एवम् त्याग की पावन प्रतिमा दीपक को आलोकित करते हुए जहाँ हमने यह ध्यान रखा कि घर में कहीं अंधेरा न रह जाये वहाँ यह भी ध्यान रखना हमारा परम कर्त्तव्य है कि पास पडोस तथा समाज के किसी कोने में भी अँधेरा न रहने पाये । एक छोटे से दीपक से




सैकड़ों दीपक प्रज्ज्वलित किये जा सकते हैं । दीपक, तेल और बाती जिस तरह परस्पर समन्वय से प्रकाश फैलाते हैं वैसे ही परस्पर सामंजस्य से मनुष्य भी प्रगति का मार्ग प्रकाशित कर सकता है ।

राजस्थानी प्रगति समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों एवं उपस्थित समाज बन्धुओं को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राजस्थानी प्रगति समाज द्वारा सभी राजस्थानी बन्धुओं को एक मंच पर लाकर दीपावली का राम-राम एवं दीपावली मिलन का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से दीपावली सम्मेलन का आयोजन किया जाता है ।

संस्था के मानद मंत्री गोविन्द राठी ने सभी को दीपावली के शुभकामनाएँ देते हुए राजस्थानी प्रगति समाज का संक्षिप्त कार्य विवरण प्रस्तुत किया । उन्होंने कहा कि राजस्थानी प्रगति समाज की स्थापना 1953 में राजस्थानी समाज को संगठित करने के उद्देश्य से की गयी थी । उन्होंने कहा कि राजस्थानी प्रगति समाज प्रखर राष्ट्रवादियों एवं समाज सेवियों की देन है अतः इसके समस्त क्रियाक्लापों के केन्द्र में राष्ट्र और समाज सेवा ही रहे हैं । संस्था अपने स्थापना काल से ही समाज को संगठित कर जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है । राजस्थानी प्रगति समाज की गतिविधियों और कार्यक्रमों में उल्लेखनीय वृद्धि का श्रेय अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल को देते हुए कहा कि उनका अनुभव, संस्था के प्रति समर्पणभाव, कार्यकर्ताओं का प्रोत्साहित करने की अद्भुत क्षमता और सभी को साथ लेकर चलने की प्रवृति से यह संभव हो पाया है । उन्होंने संस्था द्वारा चिकित्सा सहायता, इमलीबन श्मशान वाटिका, भाग्यनगर गौशाला, राजस्थानी वुमेन्स हॉस्टल, सीनियर सिटीजन्स ट्रस्ट व शिक्षा कोष के संचालन के माध्यम से की जा रही समाज सेवाओं की जानकारी उपस्थित समाज बन्धुओं को दी । उन्होंने कहा कि राजस्थानी प्रगति समाज पिछले 52 वर्षों से लगातार एग्जीबिशन सोसाइटी के सहयोग से रामायण मेला का आयोजन करता आ रहा है ।

मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक (कारागार) सौम्या मिश्रा ने सभी को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि आँवला नवमी के अवसर पर दीपावली सम्मेलन का आयोजन एक विशेष संयोग है । उन्होंने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उपस्थितजनों को आंवला नवमी एवं दीपावली की महत्ता बताई । उन्होंने कहा कि देश के कोने में आपको राजस्थानी समाज बन्धुओं मिल जायेंगे । देश में व्यापारिक प्रगति में राजस्थानी बन्धुओं का विशेष योगदान रहा है ।

सीआईएसएफ के डीआईजी एस. के. मोहनका ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान करने के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि राजस्थानी प्रगति समाज अपने सेवा कार्यों के लिए जाना जाता है । उन्होंने कहा वर्तमान में समाज की जरुरतों में परिवर्तन हुआ है । उन्होंने कहा कि हमें चाहिए की वर्तमान में 5 से 14 वर्ष तक की बालिकाओं को सेल्फ डिफेंसी की शिक्षा का प्रबंध, उच्च शिक्षा एवं विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के लिए उचित मार्गदर्शन की प्रबंध करने की आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमें चिकित्सालय खोलने के बजाय रोगियों का उचित मार्गदर्शन की व्यवस्था करना ज्यादा जरुरी है । आईआरडीए के महाप्रबंधक आर.के. शर्मा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि वर्तमान चिकित्सा खर्च को देखते हुए सभी को अनिवार्य रूप से चिकित्सा बीमा करना चाहिए । प्रगति समाज को चाहिए कि चिकित्सा बीमा इससे संबंधित साइबर क्राईम के लिए एक मार्गदर्शक सेल का निर्माण कर समाज बन्धुओं को उचित परामर्श देना चाहिए ।

ताजमहल होटल के प्रबंध निदेशक बी. चन्द्रशेखर राव ने दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राजस्थानी प्रगति समाज एवं होटल ताजमहल का साथ 30 साल पुराना है । प्रगति समाज पिछले 30 वर्षों से लगातार दीपावली सम्मेलन का आयोजन होटल ताजमहल में करता आ रहा है जो कि ताजमहल परिवार के लिए सौभाग्य की बात है ।एग्जीबिशन सोसाइटी के सचिव सुरेन्द्र रेड्डी ने दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मैं पिछले 15 वर्षों से राजस्थानी प्रगति समाज से जुड़ा हुआ हूँ तथा समाज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले रामायण मेले में मानद मंत्री गोविन्द राठी के साथ इसकी प्रत्येक गतिविधि से अवगत हूँ और कार्य करते आ रहा हूँ । उन्होंने रामायण मेला के आयोजन में एग्जीबिशन सोसाइटी के हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया ।

कार्यक्रम संयोजक रमेश कुमार बंग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ उपस्थित समाज बन्धुओं द्वारा सहभोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में डॉ. आर.एम. साबू, सीए लक्ष्मीनिवास शर्मा, एस.बी. काबरा, ब्रिजगोपाल असावा, अमृत कुमार जैन, सम्पत कांकाणी, रामप्रकाश भण्डारी, द्वारका असावा, सुमित राठी, घनश्याम तोषनीवाल, मनोज जायसवाल, गिरधारीलाल डागा, कलावती जाजू, शकुंतला नावंदर, कमला राठी, डॉ. भगवंत राव, राजकुमार सांखला, लक्ष्मीनारायण राठी, श्रीकांत मून्दडा, डॉ. मोहन गुप्ता, महेन्दर व्यास, नवल बंग, अनिरुद्ध कांकाणी, घनश्यामदास बंग, सत्यनारायण झँवर, देवेन्द्र झँवर, अनिल कुमार अग्रवाल, आनन्द वर्मा, जय माहेश्वरी, अमित नावंदर, गोपाल नावंदर, सत्यप्रिया जाजू, एडवोकेट सत्यजीत जाजू, नरसिंग सारडा, सीए अमित झँवर, सीए संदीप झँवर, भगवानदास गाँधी, रमाकांत काबरा, श्रीकिशन अग्रवाल, श्रीनिवास सोमाणी आदि गणमान्य व्यक्तियों सहित अन्य समाज बन्धु उपस्थित रहे ।

# सीरवी समाज प्रीमियर लीग-7 क्रिकेट व महिला वर्ग प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ



**हैदराबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सीरवी समाज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें संस्करण व महिला वर्ग प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ हुआ। श्री आईमाताजी की पूजा-अर्चना एवं महाआरती के पश्चात प्रतियोगिता के मुख्य प्रयोजक, स्पॉन्सर्स, समाज के गणमान्य अतिथियों एवं टीम के खिलाड़ियों के नेतृत्व में अलियाबाद स्थित सीरवी क्रिकेट ग्राउण्ड एवं श्रेष्ठा क्रिकेट ग्राउंड में भव्य शुभारंभ हुआ।

यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति में फ्रेन्डस क्लब के सुरेश सैणचा ने बताया कि सीरवी समाज प्रीमियर लीग-7 के तहत समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 18 टीमों के मध्य टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच प्रत्येक रविवार को खेले जाएँगे। महिला वर्ग के खेलों में एथेलेटिक्स तथा पारंपरिक खेल दौड़ की प्रतियोगिता संपन्न हुई तथा क्रिकेट प्रतियोगिता में पहले चरण का उद्घाटन मुकाबला बिरमगुड़ा व करमनघाट के मध्य खेला गया। जिसमें करमनघाट 107 रनों से विजयी रही। बन्नी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ दि मैच से नवाजा गया। दूसरा मैच कापरा किंग्स व रामनगर के बीच खेला गया। जिसमें रामनगर टीम 6 विकेट से विजयी रही। मुलेवा मैन ऑफ दि मैच बने। फ्रेंड्स क्लब व आईजी गुटा-11 के मध्य खेले गये मैच में आईजी फ्रेंड्स क्लब की टीम 27 रन से विजयी रही। मुकेश को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया।

तीसरा मैच सिकंदराबाद व बालनगर के मध्य खेला गया, जिसमें सिकंदराबाद की टीम 184 रन से विजयी रही। नमन आगलेचा को मैन ऑफ दि मैच से नवाजा गया।

चौथा मैच संगारेड्डी व नगोल के मध्य खेला गया, जिसमें संगारेड्डी की टीम 87 रनों से विजयी रही। छोगाराम चौधरी को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया। पाँचवा मैच हायतनगर व टीएमजी टाइटन्स के मध्य खेला गया, जिसमें हायत नगर की टीम 2 विकटों से विजयी रही। मोहन चौधरी को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया। अगला मैच ऑलविन-11 व मेडचल के मध्य खेला गया, जिसमें ऑलविन -11 की टीम 6 विकेट से विजयी रहीं। सुनिल सीरवी मैन ऑफ दि मैच रहे। सातवाँ मैच एलबी नगर व शमशाबाद के मध्य खेला गया, जिसमें एलबी नगर की टीम 3 रनों से विजयी रही। विक्रम मैन ऑफ दि मैच रहे। सैनकपुरी व कुकटपल्ली के बीच आँठवा मैच खेला गया, जिसमें 12 रनों से सैनकपुरी की टीम विजयी रही। सुरेश मैन ऑफ दि मैच बने। महिला वर्ग एथेलेटिक्स मेंसभी वर्ग के प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिन खिलाड़ियों ने जीत हासिल की उनको सिरवी समाज प्रीमियर लीग-7 के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा।इस अवसर पर प्रतियोगिता के स्पॉनसर व समाज के गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे। सभी मैचों का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब पर और एसएसपीएल ऐप पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सीरवी समाज फ्रेन्डस् क्लब के सदस्य उपस्थित रहें। पत्रकार जगदीश सीरवी द्वारा कवरेज किया। प्रतियोगिता का दुसरा चरण आगामी रविवार, दि. 17 नवंबर को होगा।

# आरजीकेयूटी की छात्रा ने की आत्महत्या

**निर्मल, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ नॉलेज टेक्नोलॉजी (आरजीयूकेटी) की एक 17 वर्षीय छात्रा ने सोमवार सुबह अपने छात्रावास के कमरे में छत के पंखे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। आरजीयूकेटी को आईआईआईटी-बसर के नाम से भी जाना जाता है।

निजामाबाद जिले के अरमूर की रहने वाली वह प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी) के दूसरे वर्ष की छात्रा थी। पुलिस के अनुसार, वह दो अन्य लोगों के साथ कमरे में रह रही थी।सोमवार की सुबह, वह कमरे में अकेली थी, जब उसके रूममेट नाश्ते के लिए गए थे। वापस लौटने पर उन्होंने उसे छत के पंखे से लटका हुआ पाया। उन्होंने विश्वविद्यालय के अधिकारियों को सूचित किया, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया।

लड़की के इस कदम का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हाल ही में प्रभारी कुलपति की नियुक्ति के बाद से परिसर में यह पहली आत्महत्या है। हाल के वर्षों में आईआईआईटी बसर में कई छात्रों की आत्महत्या की खबरें आई हैं। अप्रैल में, 17 वर्षीय बी. अरविंद ने परिसर के छात्रावास में कथित तौर पर फांसी लगा ली थी।


## सर्राफ़ा बाज़ार




(24 कैरेट गोल्ड)

**सोना : 77,850 /-**
**(प्रति 10 ग्राम)**
**चाँदी : 91,620/-**
**(प्रति किलोग्राम)**

## शेयर मार्केट




बीएसई : 79,496.15
+9.83 +0.01% ↑
एनएसई :24,141.30
-6.90 (-0.03%) ↓




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $31^0$
न्यूनतम : $20^0$

# श्री चंद्रप्रकाश अग्रवाल को कुंभ मेला अग्रवालबंधु ने दी श्रद्धांजलि



**हैदराबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

चंद्रपुर नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी व कुंभ मेला अग्रवाल बंधु संस्थापक सदस्य व सहयोगी चंद्र प्रकाश अग्रवाल के अकस्मात निधन पर कुंभ मेला अग्रवाल बंधु द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पंकज कुमार अग्रवाल ने बताया कि चंद्र प्रकाश अग्रवाल के अकस्मात निधन से बहुत बड़ी क्षति हुई है। कुंभ मेला अग्रवालबंधु की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि की गई।

## कार्टून कॉर्नर




# श्री जगन्नाथ मठ में अन्नकूट महोत्सव आयोजित

**हैदराबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री जगन्नाथ मठ माधवदास झीरा, सीतारामबाग में वैकुंठवासी श्री श्री त्रिदंडी श्रीनिवास व्रतधर नारायण रामानुज जीयर आशीर्वाद द्वारा एवं श्री श्री श्री चिन्ना रामानुजजीयर स्वामीजी के मंगलाशाशन में अन्नकूट महोत्सव व गोपाष्टमी उत्सव भव्यता के साथ आयोजित किया गया।

श्रीश्रीश्री त्रिदंडी मुक्तिनारायण जीयर स्वामी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में महंत अच्युत रामानुजाचार्य श्री जगन्नाथ मठ माधवदास झीरा सीतारामबाग ने आशीर्वाद रूपी पुष्पवर्षा करते हुए कहा कि इस पवित्र दिन पर हम गायों के प्रति अपनी कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करते हैं। जिन्हें 33 करोड़ देवी-देवताओं का निवास माना जाता है। उनकी पूजा करने से न केवल नौ ग्रहों के दोष दूर होते हैं, बल्कि वित्तीय कठिनाइयों को दूर करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि गोपाष्टमी वह दिन है जब भगवान कृष्ण, भगवान के सर्वोच्च व्यक्तित्व ने पहली बार गायों को चराने के लिए बाहर निकाला था, जो देवत्व और प्रकृति के बीच गहरे संबंध का प्रतीक है।

उन्होंने मठ, गौशाला एवं भक्तों द्वारा आयोजित सामूहिक भोज में भाग लेकर गो सेवा के लिए सभी का आभार माना । इस अवसर पर तिवारी बंदू द्वारा सुंदरकांड कर सभी को हनुमान जी के भजन प्रस्तुति किये। भक्तों ने खाद्य सामग्री के रूप में सब्जी सेवा कमल किशोर काकाणी, बेसन सेवा प्रमोद कुमार भुवानिया, वल्लभ गोपी किशन झंवर पूर्ण चावल सेवा, पूर्ण फ्रूट सेवा गंगा बिशन बद्री प्रसाद सारडा, जल सेवा पूर्ण राजेश तोषनीवाल, रमेश भालोठिया 5 टीन ऑयल, जसमत भाई पटेल, शोभा चंद शिव राम लोया, श्रीगोपाल सोनी, रमेश हेडा द्वारा 2500 पत्तल और ग्लास सेवा पूर्ण दूध सेवा सुरेश कुमार अग्रवाल द्वारा की गाई। कन्या पूजन में नरेंद्र कुमार गोयल, वीरेंद्र अग्रवाल, नर्सिंगदास कासट, प्रसाद सेवा में अर्जुनलाल अग्रवाल, अभिषेक आशीष ककड़ा, विष्णु कड़ेल, आलोक तिवारी, भरत कलंत्री, राजन गुप्ता, बजरंग अग्रवाल, राहुल किशोर अवस्थी, प्रेम दायमा, सौरव लोया, मधुसूदन शर्मा, घनश्याम बजाज, बृजगोपाल राठी, बालमित्र सेवा समिति, राम भरोसे ग्रुप में सेवा प्रदान की। पूर्ण प्रसाद व्यवस्था सुचारू रूप से की गई। हावीर शर्मा कैटरिंग द्वारा प्रसाद बनाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली। हरि भाई चांडक एवं रिद्धीध जागीरदार द्वारा प्रचार प्रसार व्यवस्था की जिममेदारी संभाली। कार्यालय सेवा में जितेंद्र कुमार अवस्थी, नर्सिंग दास, आलोक कुमार शुक्ला ने सुचारू रूप से व्यवस्था की। सुरेश अग्रवाल, गोविंद राठी, भगवंत राव, मधुबाला उपाध्याय, सुनीता चौधरी, स्वीकृत पांडे, प्रेम दायमा द्वारा पूजा-अर्चना की व्यवस्था संभाली। स्वागत सेवा वीरेंद्र अग्रवाल, प्रेम काकाणी, मुर-लीधर मोदानी, विष्णु अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, महावीर शर्मा,दामोदर मुंद्रा, हेमंत सारडा, राधेश्याम राठी, जगदीश लोया, सुरेश अग्रवाल, गुलाब चंद देवड़ा, पप्पू पटुल द्वारा सभी भक्तों की सुविधा एवं सम्मान किया गया। सुंदरकांड पाठ सतीश त्रिपाठी एवं संदीप त्रिपाठी, भरत कलंत्री एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की सुविधा में पवन अग्रवाल, प्रमोद भुवानिया, घनश्याम बजाज, गोविंद असावा अपना सहयोग प्रदान किया। महिला विभाग में कांता अग्रवाल, निर्मला सोनी, मधुबाला उपाध्याय, प्रेमा दायमा, सुनीता चौधरी, सुरेखा सारडा, वनिता, जयश्री देवड़ा, ममता तंवर, विजय लक्ष्मी तंवर, रूबी मिश्रा, स्वीटी तिवारी, मोनी दुबे व राधा कलंत्री ने सहयोग किया। धन्यवाद व्यापम में जसमत भाई पटेल और स्वामीजी ने सभी को भगवत सेवा में मन लगा कर गौ सेवा में मन और सेवा अवश्य प्रदान करे।






# मौलाली एचबी कॉलोनी राजस्थानी मारवाड़ी संघ के नवनिर्वाचित सदस्य सम्मानित







**हैदराबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

विधायक बंडारी लक्ष्मारेड्डी एवं नगरसेवक जेरिपोटुला प्रभुदास ने मौलाली एचबी कॉलोनी राजस्थानी मारवाड़ी संघ के नवनिर्वाचित सदस्यों को दि. 09-11-2024 को यहां आयोजित एक सम्मान समारोह में सम्मानित किया एवं बधाई दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मौलाली एचबी कॉलोनी राजस्थानी मारवाड़ी संघ के नये अध्यक्ष के रूप में कैलाश का चयन सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि कैलाश राजस्थानी समुदाय के लोगों के लिए हर समय उपलब्ध हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रहे हैं। इसीलिए राजस्थानी समुदाय के लोगों ने भी कैलाश को दोबारा अपना अध्यक्ष चुना। राजस्थानी असोसिएशन के नए अध्यक्ष चुने गए कैलाश ने कहा कि वह उन सभी सदस्यों को दिल से धन्यवाद देते हैं। जिन्होंने उन पर भरोसा किया और उन्हें तीसरी बार राजस्थानी एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना। उन्होंने नगरसेवक प्रभुदास के सहयोग से एचबी कॉलोनी में राजस्थानी समुदाय के सदस्यों के उत्थान के लिए काम करने का भी वादा किया। पूर्व पार्षद कोटा रामाराव, नेता गुम्मडी जम्पल रेड्डी, नवीन गौड़, कुमार, निसार अहमद गोरी, नरेंद्र राजस्थानी मारवाड़ी संगम के उपाध्यक्ष सोहन लाल सीरवी, मनोज शर्मा, सचिव दगलाराम, संयुक्त सचिव नरेंद्र सांकला, कोषाध्यक्ष किशोर शर्मा, मीडिया प्रमुख पवन कुमार शर्मा कार्यक्रम के सलाहकार चेतन शर्मा, बाबूलाल मुलेवा, दुर्गा राम, नारायण लाल परिहार, चेनाराम

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 6949565W L/Nk Aparwal Yadav of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana have changed my Name from **APARWAL YADAV** to **APARBAL YADAV**.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 15814767L Hav Mukesh of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana hereby declare that my mother name is changed From **LEELAWATI** to **LAILAWANTI**.

**CHANGE OF NAME**
I , No.6941482W Hav SUNILAL K of AdmBn, Aoc Centre, Secunderabad, Telangana hereby state that my Mother Name is Changed From **SARASWATHI AMMA J** to **SARASWATHY AMMA J**

**CHANGE OF NAME**
I, No.15815692L Hav CHAUDHARI BUSHAN SUBHASH of Admbn, Aoc Centre, Secunderabad, Telangana hereby state that my Mother Name is Changed From **CHAUDHARY SHAILA SUBHASH** to **CHAUDHARI SHAILA SUBHASH**

**CHANGE OF NAME**
I, No.15815692L Hav CHAUDHARI BUSHAN SUBHASH of Admbn, Aoc Centre, Secunderabad, Telangana hereby state that my Father Name is Changed From **SUBHASH** to **CHAUDHARI SUBHASH KISAN**

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, SARADA spouse of Service No. 14644508X Hav KATARI VENKATA SAGAR, R/o.Vill:Kodiparru, Po:Penumarru, Teh:Vemuru, Dist:Bapatla, Andhra Pradesh have changed my name and DOB from **SARADA**, DOB:**21-5-1981** to **KATARI SARADA**, DOB:**25-5-1981** vide affidavit dt:11-11-2024 before IV Spl Judicial Magistrate, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 10329419K Ex Sep G NARASIMHA SWAMY, R/o. Plot No.5,6 & 7/P, Rukmini Estates, Rayala's Sai Harivillu, Flt No.402, Jairam Nagar, Quthbullapur, Medchal Malkajgiri District that my son name is to be changed from **G BHARGAV** to **GUNIGANTI BHARGAV** vide Affidavit dated:11-11-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, G ANITHA spouse of Service No. 10329419K Ex.Sep G NARASIMHA SWAMY, R/o.Plot No.5, 6 & 7/P, Rukmini Estates, Rayala's Sai Harivillu, Flat No.402, Jairam Nagar, Quthbullapur, Medchal Malkajgiri District have changed my name and DOB from **G ANITHA**, DOB:**24-8-1984** to **GUNIGANTI ANITHA**, DOB:**24-8-1985** vide affidavit dt:11-11-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, P. SWATHI REDDY is legally wedded spouse of No- JC392291F, Rank : NB SUB. P. SUNIL REDDY resident of At H.No.3/80, Challapalli Village & Po. Somandepalli Mandal, District Sri Satya Sai- 515122. Andhra Pradesh India, has Changed My Name From **P. SWATHI REDDY** to **N. SWATHI**, vide Affidavit Sworn on Dated- 11.11.2024

# तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने अनाज खरीद में व्यवधान के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया

**हैदराबाद, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को राज्य भर में अनाज खरीद के दौरान किसानों को प्रभावित करने वाली किसी भी गड़बड़ी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का सख्त निर्देश जारी किया है।उन्होंने अधिकारियों को उन व्यापारियों के खिलाफ आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम (ईएसएमए) लागू करने पर विचार करने का निर्देश दिया जो इन लेनदेन में किसानों को धोखा देने या परेशान करने का प्रयास करते हैं।एक आधिकारिक बयान में सोमवार को कहा गया कि तेलंगाना के विभिन्न हिस्सों में किसानों को असुविधा पैदा करने वाली घटनाओं की रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से सीधे बात की और उनसे किसान सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।उन्होंने धोखाधड़ी प्रथाओं और फसलों की उचित खरीद को बाधित करने वाली किसी भी कार्रवाई पर अंकुश लगाने के महत्व पर जोर दिया।श्री रेड्डी ने जिला कलेक्टरों को सुचारू और कुशल अनाज खरीद प्रक्रिया के लिए सक्रिय उपाय लागू करने का भी निर्देश दिया।

उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को तेलंगाना के कृषक समुदाय के लिए त्वरित समाधान और निरंतर समर्थन सुनिश्चित करने के लिए उच्च अधिकारियों से तुरंत परामर्श करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# तेलंगाना के पोचम्मा मंदिर में कट्टरपंथियों ने की तोड़फोड़

**रंगारेड्डी, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के जोकुल गांव (शमशाबाद मंडल) स्थित पोचम्मा मंदिर में कुछ चरमपंथियों ने तोड़फोड़ की। चरमपंथियों ने हिंदू देवी-देवताओं की तीन मूर्तियों को अपवित्र किया। स्थानीय लोगों ने एक अज्ञात आरोपी को पकड़ लिया, जबकि 9 अन्य भागने में सफल रहे।ग्रामीणों ने उस व्यक्ति की पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद हिंदू संगठन मौके पर पहुंचे और चरमपंथियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस की एक बड़ी टीम वहां तैनात की गई है। पिछले एक सप्ताह में शमशाबाद मंडल के मंदिरों में तोड़फोड़ का यह तीसरा मामला है।

# निर्देशक राम गोपाल वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज

**विजयवाड़ा, 11 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

प्रकाशम जिले के मड्डीपाडु पुलिस स्टेशन में मशहूर निर्देशक राम गोपाल वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।फिल्म व्यूहम के प्रमोशन के दौरान राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया पर तत्कालीन विपक्ष के नेता और मौजूदा सीएम चंद्रबाबू नायडू, उनके बेटे नारा लोकेश और नारा ब्राह्मणी को बदनाम करने वाले पोस्ट किए थे।













स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.